**Title**: Regarding rehabilitation of the tribal farmers who have been ousted from the border areas of M.P. and Gujarat in the course of Sardar Sarovar Project.

**श्री माणिकराव होडल्या गावित (नन्दुरबार) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृट करना चाहता हूं कि सरदार सरोवर परियोजना जो गुजरात और महाराट्र राज्यों की सीमा पर है, इस परियोजना के कारण वहां के प्रभावित आदिवासी किसानों का जो पुनर्वास हो रहा है, वह बहुत ही चिंताजनक है।

सरदार सरोवर परियोजना का जो अवार्ड बनाया गया है, उसके मुताबिक आदिवासी किसानों के पुनर्वास के

लिए खेती की जमीन दी जा रही है। वह गैर सिंचाई की जमीन है। सिंचाई की कोई व्यवस्था उसमें नहीं है। किसानों को 25 एकड़ के लिए एक बावड़ी एक बोरवेल की व्यवस्था की जा रही है जबकि सरदार सरोवर परियोजना के अवार्ड में सिंचाई की जमीन दी जाएगी, ऐसा बताया गया है। वहां पर वालेरी रापापुर योजना की जगह है। उन योजनाओं का क्रियान्वयन कराने की मैं मांग करता हूं और जो जमीन दी गई है वह कागज पर दी गई है। पांच-छः साल के बाद भी उनको जमीन नहीं मिली है। उनको मुआवजा सरकार की ओर से दिया जाए, यह मेरी आप्से मांग है।

* Not recorded